## संभागीय आयुक्त धनंजय सिंह ने कलेक्टर कोर्ट, एसडीएम कोर्ट एवं जिला पंचायत कार्यालय का किया निरीक्षण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जबलपुर संभाग के संभागायुक्त आई.ए.एस. धनंजय सिंह ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार छिन्दवाड़ा पहुंचे और उन्होंने कलेक्टर कार्यालय का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर कोर्ट का निरीक्षण किया और बारीकी से रिकार्डो को देखा और जिला कलेक्टर को आवश्यक निर्देश दिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर संभाग के संभागीय आयुक्त धनंजय सिंह ने शुक्रवार को छिंदवाड़ा प्रवास के दौरान कलेक्टर कोर्ट, एस.डी.एम. छिंदवाड़ा कोर्ट तथा जिला पंचायत कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर हरेंद्र नारायन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रिम कुमार, एस.डी.एम. छिंदवाड़ा सुधीर जैन, सी.ई.ओ. जनपद पंचायत छिंदवाड़ा श्रीमती स्वाति सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। साथ ही संबंधित न्यायालयों एवं कार्यालयों का अमला भी मौके पर मौजूद था। संभागीय आयुक्त श्री सिंह ने कलेक्टर कोर्ट में अवैध कॉलोनियों से जुड़े प्रकरणों सहित अन्य लंबित मामलों की समीक्षा की।

उन्होंने कोर्ट में लंबित पुराने प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। वहीं एस.डी.एम. कोर्ट के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर निराकरण करने तथा रिकॉर्ड शुद्धिकरण कार्य को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

जिला पंचायत कार्यालय के निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री सिंह ने विभिन्न शाखाओं में पंजी संधारण एवं दस्तावेजों के रखरखाव की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने बैंक रिकॉन्सिलिएशन प्रत्येक माह नियमित रूप से कराने तथा लेखा संबंधी सभी अभिलेखों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की भी समीक्षा की।

आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं, ताकि हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

**नहीं गए तहसील कार्यालय-** बता दें कि संभागायुक्त तहसील कार्यालय छिन्दवाड़ा का निरीक्षण नहीं किया अन्यथा वहां गंभीर अनियमितताऐं मिलती और शहर तहसील और ग्रामीण तहसील के तहसीलदारों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही हो सकती थी, ऐसी चर्चा है।

## युवाओं के सपनों को सच करने पंख बनकर उड़ान भरने मददगार साबित हो रहा रोटरी क्लब

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शिक्षा दान सभी दानों में सर्वोपरि माना गया है। कहा जाता है कि पुस्तके व्यक्ति का सबसे अच्छी मित्र होती है। एक बार यदि युवाओं ने पुस्तकों से मित्रता कर ली तो फिर जीवन में जो मुकाम हासिल करना है इससे आपको कोई रोक नहीं पाएगा।

शासन द्वारा जीरो बजट में संचालित ज्ञान ई-लाइब्रेरी में जिले के दूर-दराज से आए युवक एवं युवतियां अपने सपनों को सच करने अर्थात प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए शहर में मध्य स्थित ई-ज्ञान लायब्रेरी में सुबह 8 बजे से रात्रि के 8 बजे तक यहां बैठ कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। युवाओं के सपनों को सच करने पंख बनकर उड़ान भरने मददगार साबित हो रहा रोटरी क्लब द्वारा शासन का जीरो बजट का ये पुस्तकालय में जब रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा का ध्यान गया तो रोटरी क्लब ने एक जुलाई 2025 से पूरे वर्ष के लिए इस पुस्तकालय में बच्चों के डिमांड अनुसार उन्हें प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी में लगने वाली पुस्तके प्रति माह डोनेट कर मन बना लिया। रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा के अध्यक्ष रोटे. विनोद तिवारी ने इस कार्य को अपने सभी रोटेरियन साथियों के सहयोग पूरे वर्ष भर बखूबी पुस्तकें भेज कर इन युवाओं के सपने सच करने में मददगार बनें।




### सार समाचार

## शहर कांग्रेस अध्यक्ष सोनू मांगो ने किया उग्र प्रदर्शन, थाने पहुंचकर सौंपा ज्ञापन





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष सोनू मांगो अपनी टीम के अलावा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे एवं विभिन्न अनुसांगिक संगठनों के साथ मिलकर अत्यंत गंभीरता पूर्वक निर्णय लेने के उपरांत उग्र प्रदर्शन किया और सिटी कोतवाली पहुंचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन पढ़कर पहले सुनाया और इसके पश्चात ज्ञापन सौपा तथा कहा कि यदि इसमें तत्यात्मक कार्यवाही नहीं हुई, आरोपियों को बचाया गया तो कांग्रेस इससे भी उग्र आंदोलन करेगी और होने वाली अप्रिय घटनाओं के लिए न केवल थाना प्रभारी अपितु जिला एवं पुलिस प्रशासन जवाबदार होंगे।

## धूमधाम से मनाया गया पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना का जन्मदिन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पूर्व कैबिनेट मंत्री और वर्तमान में भाजपा के वरिष्ठ नेता दीपक सक्सेना का जन्मदिन शुक्रवार 12 जून को धूमधाम से मनाया गया। समर्थकों ने कई दिनों से इस कार्यक्रम की तैयारी कर रखी थी, रोहना स्थित निज निवास पर सुबह से ही समर्थकों और शुभचिंतकों के आने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर रात तक जारी रहा। पूर्व मंत्री के बेटे अजय सक्सेना ने मेहमानों की आगवानी की। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा नेता भी कार्यक्रम में शिरकत करते नजर आए। साथ ही विभिन्न सामाजिक राजनैतिक और अन्य संगठनों से जुड़े लोगों ने भी पूर्व मंत्री को बधाई दी। इस दौरान इलेक्ट्रानिक, प्रिंट मीडिया के साथी काफी संख्या में पहुंचे बधाई देने।






## चांवलपानी निवासी कैलाश साहू को सांसद बंटी साहू ने दी 20 हजार की व्यक्तिगत सहायता



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** तामिया विकासखंड के ग्राम चावलपानी निवासी कैलाश साहू को सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा 20 हजार की व्यक्तिगत आर्थिक सहायता प्रदान की गई। सांसद श्री साहू की और से पूर्व मंडल अध्यक्ष मोनू साहू एवं अन्य पदाधिकारियों ने चावनपानी पहुंचकर कैलाश साहू से मुलाकात करते हुये सांसद बंटी विवेक साहू की और से भेजी गई 20 हजार की व्यक्तिगत आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों ग्राम छिंदी में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा कैलाश साहू के साथ मारपीट की गई थी, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद से उनका उपचार लगातार चल रहा है जिससे उनके परिवार को आर्थिक एवं मानसिक कठिनाइयों का सामना कर रहा था।

घटना की जानकारी मिलने पर सांसद बंटी विवेक साहू ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए चावनपानी प्रवास के दौरान घायल कैलाश साहू से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। शुक्रवार को सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा उन्हें 20 हजार रुपये की नगद आर्थिक सहायता राशि प्रदान कर शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा है कि इस संकट की घड़ी में वे पीड़ित परिवारों के साथ खड़े है, पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

विदित हो कि सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा दी गई इस सहायता राशि से कैलाश साहू एवं उनके परिवार को राहत मिली है। परिवारजनों, शुभचिंतकों एवं ग्रामवासियों ने सांसद बंटी विवेक साहू के इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि के द्वारा जरूरत के समय की गई सहायता समाज में विश्वास और सहयोग की भावना को मजबूत करती है। राशि प्रदान करने के अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष मोनू साहू, शिवम साहू, नितेश पटेल, राजेश साहू, सूरज साहू, लेखराम राय, जगदीश राय, नितिन सराठे, बंटी गुप्ता सहित परिवारजन उपस्थित थे।

## धरमटेकड़ी में चला स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता अभियान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 5 जून से चलाए गए पर्यावरण सप्ताह की पूर्णता शुक्रवार 12 जून को नगर के वार्ड क्रमांक 10 स्थित धरमटेकड़ी में विशेष स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम से हुई।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों को फोर बिन कचरा पृथक्करण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया, साथ ही एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर स्वच्छता ब्रांड एंबेसेडर दीपक राज जैन, स्वच्छता चैंपियन डॉ. मीरा पराड़कर, शैलेंद्र उजवने, रविन्द्र कुशवाहा एवं डॉ. महेश बंदेवार के साथ समाजसेवी डॉ. पवन नेमा एवं आराधना पवार की गरिमामयी उपस्थिति रही ओर सभी अतिथियों एवं नागरिकों ने स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के इस प्रयास की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने स्वच्छता की शपथ दिलाई एवं डॉण् पवन नेमा ने योगा कराया, वहीं अंकिता सोनी ने नागरिकों को घरों में चार अलग-अलग डस्टबिन रखने तथा गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू हानिकारक कचरा एवं सैनिटरी कचरे को पृथक-पृथक एकत्रित कर कचरा वाहन को अलग.अलग देने के लिए जागरूक किया, साथ ही स्वच्छता एवं कचरा पृथक्कीकरण को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आग्रह किया गयाए जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ वातावरण का निर्माण किया जा सके।



## कांग्रेस अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ का विस्तार सविता बनी अध्यक्ष: संतोषी गजभिए

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार कांग्रेस अनुसूचित जाति महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष श्रीमती संतोषी अनिल गजभिये के नेतृत्व में कल 12 जून को वार्ड क्रमांक 22 सोनाखार, रानी दुर्गावती चौक में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिला संगठन महासचिव गुरुचरण खरे, जिला अध्यक्ष प्रकाश मेहरोलिया, महिला जिला अध्यक्ष संतोषी गजभिये, जिला कार्यकारी अध्यक्ष अपेक्षा बेले, साधना जंघेला, मीडिया प्रभारी पिंकी ढाकरिया की सहमति से शहर अध्यक्ष राशिका बघेल द्वारा सविता अहरवार को वार्ड नंबर 22 की वार्ड अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति की गई।

इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ दी और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ के हाथों को मजबूत बनाने का लिया।

**कार्यकर्ताओं में हर्ष -** उनकी नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष सुनीता बमनीया, साधना जंधेला, शहर अध्यक्ष विनोद काम्बले, रोशन इंगले, संजय लारोकर, शंकर चिचखेड़े, चन्द्रा चौरे, रेशमा अहरवार, जानवी अहरवार, जितेन्द्र चौबे, जानकी अहरवार आदि ने बधाई दी है।

## आउटसोर्स कर्मचारियों ने किया सीएमएचओ कार्यालय का घेराव, जिला कलेक्टर एवं क्षेत्रीय सांसद को सौंपा ज्ञापन





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, उपस्वास्थ्य केंद्रों, मेडिकल कालेज के सैकड़ों आउटसोर्स कर्मचारियों ने प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव शर्मा के नेतृत्व में सीएमएचओ. कार्यालय का घेराव किया, यहां से आउटसोर्स कर्मचारी कलेक्ट्रेट एवं सांसद कार्यालय पहुंचे, जहां कलेक्टर एवं सांसद विवेक बंटी साहू को भी ज्ञापन देकर एरियर एवं वेतन के भुगतान की मांग की।

सी.एम.एच.ओ. कार्यालय घेराव में उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए वासुदेव शर्मा ने बताया कि आउटसोर्स कर्मचारियों को अप्रैल 2024 से पुनरीक्षित न्यूनतम वेतन के अनुसार वेतन मिलना है, जिले में न वेतन मिल रहा है और न ही एरियर दिया गया है। श्री शर्मा ने कहा कि शासन द्वारा तय न्यूनतम वेतन 12,450 से 16,700 रूपए महीना है लेकिन मिल रहा है मात्र 7 से 9 हजार, इस तरह स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन से 5 से 7 हजार रूपए महीने की चोरी ठेकेदार एवं अधिकारी मिलकर कर रहे हैं। एरियर सहित पूरे वेतन का भुगतान नहीं करके कंपनी, अधिकारी मिलकर आउटसोर्स कर्मचारियों का करोडों रूपया डकार चुके हैं, जिसके खिलाफ अब एकजुट होकर निर्णायक संघर्ष करने की जरूरत है, यदि 7 दिन में मांगे पूरी नहीं हुई तब जिले के आउटसोर्स कर्मचारी हडताल पर जाने को मजबूर होंगे। अस्थाई, आउटसोर्स कर्मचारी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव शर्मा के नेतृत्व में किए गए सी.एम.एच.ओ. कार्यालय के घेराव में मनोज सिसोदिया सौंसर, शिवानी वर्मा, शरद पंत, मनोज धुर्वे, आशीष राजपूत, श्रीकांत डेहरिया छिंदवाड़ा, अखिलेश कनोजिया तामिया, राजेश सोनी, इमरान खान, अरूण भलावी परासिया सहित सैकडों कर्मचारी शामिल रहे।

### 6 सूत्रीय ज्ञापन में मांगा नियमितीकरण

सीएमएचओ कार्यालय घेराव के बाद 6 सूत्रीय मांगपत्र देकर कर्मचारियों को सीधे विभाग से वेतन भुगतान कर ठेका प्रथा समाप्त करने, अप्रैल 2024 से एरियर का तत्काल भुगतान विभाग द्वारा सीधे कर्मचारी के खाते में किया जाने, तीन महीने का बकाया वेतन विभाग सीधे कर्मचारी के खाते में भुगतान करने, ज्ञापन में बताया गया कि अप्रैल 2024 से पुनरीक्षित न्यूनतम वेतन लागू है, इससे कम वेतन मिल रहा है, अप्रैल 2024 से पूरा न्यूनतम वेतन मय एरियर के दिलाया जाए, तीन वर्ष में होने वाले श्रेणी प्रमोशन की प्रक्रिया शुरू की जाए, निकाले गए आउटसोर्स कर्मचारियों को तत्काल काम पर वापस लिए जाने जैसी मांगें शामिल हैं।